आमेर महल के दीवाने आम में सजी जयपुर की 300 साल पुरानी विरासत

जयपुर हेरिटेज फोटो व पेंटिंग प्रदर्शनी के पांचवें सीजन का शुभारंभ 50 से अधिक फोटोग्राफर्स और कलाकारों ने तस्वीरों व रंगों में उकेरा गुलाबी नगरी का इतिहास

जयपुर(कासं)। जयपुर स्थापना दिवस और शहर के 300 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत आयोजित जयपुर हेरिटेज फोटो व पेंटिंग प्रदर्शनी के पांचवें सीजन का सोमवार को आमेर महल के दीवाने आम में शुभारंभ हुआ। पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग की सहभागिता से आयोजित इस प्रदर्शनी में गुलाबी नगरी के इतिहास, कला, संस्कृति और गौरवशाली विरासत को फोटोग्राफ्स और पेंटिंग्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेन्द्र, आमेर महल अधीक्षक डॉ. राकेश छोलक, जयपुर वृत अधीक्षक नीरज त्रिपाठी और महेश शर्मा ने किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों की रचनात्मकता और कलाकृतियों की सराहना की। इस अवसर पर फेस्टिवल डायरेक्टर संजय कुमावत और क्यूरेटर अदिति अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।



राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो वपेंटिंग प्रदर्शनी के पांचवें सीजन का सोमवार को आमेर महल के दीवाने आम में शुभारंभ हुआ।

तस्वीरों में जीवंत हुआ पुराना और नया जयपुर : प्रदर्शनी में 50 से अधिक फोटोग्राफर्स और कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों के जरिए जयपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को जीवंत किया है। यहां ऐतिहासिक स्मारकों, परकोटे वाले शहर, मंदिरों और पुरानी गलियों की तस्वीरों के साथ पुराने और नए जयपुर की खूबसूरती को कैमरे और रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। पूर्व महाराजा सवाई भवानी सिंह की पुरानी तस्वीरें भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचेगी विरासत: जयपुर के 300 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस प्रदर्शनी को देखने के लिए आमेर महल पहुंचे देशी-विदेशी पर्यटकों में खास उत्साह नजर आया। पर्यटकों ने तस्वीरों के माध्यम से जयपुर के इतिहास और सांस्कृतिक वैभव को करीब से जाना।

फेस्टिवल की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर आमेर महल में प्रदर्शनी आयोजित करने का उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों तक शहर की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को पहुंचाना है। फोटोग्राफ्स और पेंटिंग्स के माध्यम से जयपुर की खूबसूरती को प्रदर्शित करने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देना भी आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।

- **प्रदर्शनी में 50 से अधिक फोटोग्राफर्स और कलाकारों ने अपनी कलाकृतियों के जरिए जयपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को जीवंत किया है**

आईएएस शिखर अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी से संरक्षण की याचिका लगाई

जयपुर, (कासं)। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल ने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज एफआईआर और राजस्थान हाईकोर्ट के अंतरिम राहत टालने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने गिरफ्तारी सहित किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण देने की गुहार की है। अग्रवाल का आरोप है कि उनके खिलाफ प्रारंभिक जांच की मंजूरी देने और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 के अनिवार्य प्रावधानों का पालन नहीं किया गया।

अग्रवाल ने अपनी याचिका में कहा कि राज्य सरकार ने 30 अक्टूबर को अखबारों में खबरें प्रकाशित होने के कुछ घंटों के भीतर एसीबी को प्रारंभिक जांच की मंजूरी दे दी। उस समय वे अमेरिका में स्वीकृत अवकाश पर थे। उन्होंने सरकार की ओर से मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब देने के बाद भी उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जांच की मंजूरी देने से पहले उनके पक्ष और संबंधित आधिकारिक रिकॉर्ड पर विचार नहीं किया गया।

याचिका के अनुसार, उन्होंने 17 नवंबर को राजस्थान हाईकोर्ट में धारा 17 ए के तहत दी गई मंजूरी को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। इसके अगले दिन 18 नवंबर को एसीबी ने उनके और तीन अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी। वहीं 19 नवंबर को हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत पर फैसला टालते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। अगली सुनवाई 18 दिसंबर को तय की गई है।

क्या है मामला: एसीबी की जांच उदयपुर के बुजडा और अलवर के अजबगढ़ स्थित रिसॉर्ट में अग्रवाल और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर संपत्तियों की खरीद तथा एक निजी कंपनी गोयल फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड को कथित अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोपों से जुड़ी है।

एफआईआर में 15 अक्टूबर को 24 नए विला खरीदे जाने का भी उल्लेख है। इससे पहले 40 विला-कॉटेज की खरीद का मामला भी जांच के दायरे में आया था।

इस मामले में 28 अक्टूबर को अग्रवाल को एपीओ किया गया था, जबकि 31 अक्टूबर को उनकी पत्नी और आईपीएस अधिकारी प्रशाखा माथुर को भी एपीओ कर दिया गया था।

जयपुर की ऋतिका तोलाना सम्मानित

जयपुर (कासं)। महिला सशक्तिकरण और वंचित वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पिछले 26 वर्षों से निरंतर समर्पित प्रयास कर रहीं जयपुर की ऋतिका तोलानी को प्रतिष्ठित 'रानी लक्ष्मीबाई ग्लोबल समर्पण समाज गौरव 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया। ऋतिका तोलानी ने अपने सतत प्रयासों से अब तक गरीब एवं वंचित वर्ग की 6,000 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को सिलाई का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें हुनरमंद, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका यह कार्य न केवल महिलाओं को रोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का भी सार्थक प्रयास है।

उप राष्ट्रीय पोलियो अभियान में 70.60 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई

जयपुर, (कासं)। प्रदेश के चिन्हित 32 जिलों में 22 नवम्बर से शुरू हुए उप राष्ट्रीय पोलियो अभियान के तहत उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। अभियान के प्रथम दिवस जहां बूथों पर 53 लाख 13 हजार 251 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई वहीं अभियान के दूसरे दिन आज सोमवार को हाउस-टू-हाउस जाकर 17 लाख 41 हजार 750 घरों का भ्रमण कर पहले दिन वंचित रहे बच्चों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पोलियो की दो बूंद पिलाई गई।

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. जोगाराम ने बताया कि जिलों से प्राप्त अब तक की रिपोर्टिंग के अनुसार प्रदेश में दो दिवस के दौरान लगभग 70.60 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी है। प्रदेश में कुल 92.83 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रकार अभियान के दो दिनों में ही लक्ष्य के मुकाबले लगभग 76 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित कर ली गई है। उन्होंने बताया अभियान के तीसरे दिन मंगलवार को भी घर घर जाकर जन्म से 5 साल की उम्र के दवा से वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है।डॉ. जोगाराम ने अभियान में जुटे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सा कार्मिकों, आशा सहयोगिनियों एवं अन्य मैदानी कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की। और उन्होंने परिजनों से अपील की है कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक लक्षित बच्चे को पल्स पोलियो से बचाव की यह दवा हर अभियान में हर बार पिलवाना जरूरी है। उन्होंने शेष लक्षित बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करने तथा अभियान के दौरान कोई भी बच्चा छूटने न पाए, इसके लिए प्रभावी मॉनिटरिंग एवं निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए।

- **मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य कार्मिकों के प्रयासों की सराहना की, एक भी लक्षित बच्चा न रहे दो बूंद जिन्दगी से वंचित**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा की

जयपुर, (निसं)। उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास विभाग तथा बाल अधिकारिता मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस निदेशालय तथा महिला अधिकारिता निदेशालय) एवं बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

अतिरिक्त मुख्य सचिव बाल अधिकारिता दिनेश कुमार, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास पूनम तथा बाल अधिकारिता आयुक्त निकया गोहाएन एवं आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत की उपस्थिति में आईसीडीएस और महिला अधिकारिता निदेशालय तथा बाल अधिकारिता विभाग की योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं तथा महिला अधिकारिता निदेशालय की बजट घोषणाओं और योजनाओं एवं परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बाल अधिकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली।

उप मुख्यमंत्री को आईसीडीएस के बिंदुवार प्रदर्शन से अवगत कराया गया।

उप मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया : कुल 62,121 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 99.78 नियमित संचालित (राष्ट्रीय औसत 95), 25 जिलों में 100 संचालन, 7,500 के लक्ष्य के विरुद्ध अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से 4,085 केंद्र विकसित, 2.53 लाख लक्ष्य के विरुद्ध 2,66,089 लाभार्थी पंजीकृत, 96.79 करोड़ वितरित, 27 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू, 50,000 से अधिक किशोरियों को लाभ। उप मुख्यमंत्री ने महिला अधिकारिता निदेशालय की लाडो प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बॉस स्कैम में ठगे गए ज्वैलरी व्यापारी को वापस मिले 52 लाख रुपए

जयपुर(कासं)। जयपुर साइबर थाना पुलिस ने बॉस स्कैम के जरिए ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए ज्वैलरी व्यापारी को 52 लाख 47 रुपए की पूरी राशि वापस दिलवाई है। पुलिस ने बैंक समन्वय और कानूनी प्रक्रिया के जरिए ठगी की रकम फ्रीज करवाकर कोर्ट के माध्यम से पीड़ित को रिफंड कराई।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) योगेश गोयल ने बताया कि चांदपोल क्षेत्र की विवेकानंद कॉलोनी निवासी ज्वैलरी व्यापारी ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। 24 सितंबर को व्यापारी के अकाउंटेंट के व्हाट्सऐप पर एक अज्ञात नंबर से संदेश आया था। उस नंबर की प्रोफाइल फोटो पर बॉस की बेटी की तस्वीर लगी थी। संदेश भेजने वाले ने खुद को परिचित और अधिकृत व्यक्ति बताकर एक बैंक खाते में बड़ी रकम ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। संदेश पर भरोसा कर व्यापारी की फर्म श्री गोविन्द ज्वैलर्स के खाते से आरटीजीएस के जरिए इंडसइंड बैंक के खाते में 52,00,047 रुपए ट्रांसफर कर दिए गए। बाद में पता चला कि व्यापारी ने इस लेन-देन के लिए कोई निर्देश नहीं दिया था और किसी ने बॉस बनकर धोखाधड़ी की थी। इस मामले में साइबर थानाधिकारी हेमराज के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बैंक अधिकारियों से समन्वय कर ठगी की रकम सुरक्षित करवाई। इसके बाद कोर्ट के माध्यम से व्यापारी को पूरी राशि वापस दिलाई गई।

पौष्टिक भोजन वितरण की पहल शुरू

जयपुर, (कांस)। बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, एमवे इंडिया ने द अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत देशभर में स्कूली बच्चों को 1,62,000 पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के माध्यम से फाउंडेशन की 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित रसोइयों के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, आठ शहरों में स्वयंसेवी गतिविधियों के माध्यम से एमवे के डिस्ट्रीब्यूटर्स और कर्मचारियों को भी इस पहल से जोड़ा जाएगा। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, एमवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, रजनीश चोपड़ा ने कहा, अच्छा पोषण बच्चों को सीखने, आगे बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए एक मजबूत आधार देता है।

सार-समाचार

चलते टेम्पो में लगी आग, राहगीर की सतर्कता से बची चालक की जान

जयपुर(कासं)। हरमाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह लोहामंडी कट के पास चलते लोडिंग टेम्पो में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। राहगीर की सतर्कता और स्थानीय लोगों की तत्परता से चालक की जान बच गई। लोगों ने समय रहते आग पर काबू पाकर बड़ा हादसा टाल दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 10:15 बजे चालक बलवीर तोमर लोडिंग टेम्पो लेकर 200 फीट बाइपास से 14 नंबर रोड की ओर जा रहा था। लोहामंडी कट के पास पहुंचते ही टेम्पो के निचले हिस्से से धुआं उठने लगा। चालक ने शुरुआत में इसे साइलेंसर का धुआं समझकर नजरअंदाज कर दिया। इसी दौरान पास से गुजर रहे एक राहगीर ने वाहन से भारी मात्रा में धुआं निकलता देख शोर मचाकर चालक को सतर्क किया। राहगीर की चेतावनी पर चालक ने तुरंत टेम्पो सड़क किनारे रोका और नीचे उतर गया। उसके बाहर निकलते ही धुएं ने आग का रूप ले लिया। आग बढ़ती देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने बाल्टियों व अन्य साधनों से पानी डालना शुरू किया। सामूहिक प्रयासों से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों और वाहन को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

देवेंद्र सिंह को "कुलदीप नैयर समर्पण समाज गौरव" अवॉर्ड



जयपुर(कासं)। मानवता और परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर 11वें वैश्विक स्तरीय 'ग्लोबल समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड 2026' समारोह का आयोजन किया गया। गोपालपुरा स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के न्यू ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में 15 श्रेणियों में भारत समेत 7 देशों की 40 प्रतिभाओं को सम्मामित किया गया। इसके साथ ही चयनित 16 युवाओं को समर्पण युवा जागृति अवॉर्ड 2026 से नवाजा गया। समारोह में जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र सिंह को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'कुलदीप नैयर समर्पण समाज गौरव अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्यअतिथि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जयपुर-तृतीय के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर थे, जबकि अध्यक्षता राज्यसभा के पूर्व सांसद रामकुमार वर्मा ने की।

एसी कमरों से बाहर निकलें, जनता के बीच जाकर देखें सरकार की हकीकत : जूली

जयपुर, (कासं)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया के जयपुर आगमन और उनके द्वारा पार्टी नेताओं के साथ किए जा रहे मंथन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैंने संजय भाटिया का एक बयान वीडियो में देखा, जिसमें वे कह रहे हैं कि परमात्मा ने अलर्ट किया होगा।

मेरी उन्हें सलाह है कि वे बंद एसी कमरों में बैठकर पार्टी नेताओं के साथ मंथन करने के बजाय आमजन के बीच जाएं और प्रदेश की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लें। जनता से सीधे संवाद करेंगे तो उन्हें समझ आएगा कि प्रदेश में भाजपा को लेकर कितनी नाराजगी है। जूली ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी को ज्यादा मशक्कत करने की जरूरत नहीं है। वे पिछले कुछ समय के अखबार ही पढ़ लें तो उन्हें प्रदेश की जमीनी हकीकत समझ आ जाएगी और अलग से मंथन की आवश्यकता नहीं रहेगी। यदि फिर भी कोई संशय हो तो हमसे पूछ लें, हम उन्हें प्रदेश की स्थिति बता देंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत राज चुनावों के नतीजों ने भाजपा सरकार के कामकाज को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता की नाराजगी सामने ला दी है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने रात्रि चौपालों को बड़े आयोजन और इवेंट के रूप में प्रचारित किया, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। यही वजह है कि जिन 10 में से 9 पंचायत समितियों में भाजपा को झटका लगा, वहां के नतीजे सरकार के लिए आत्ममंथन का विषय हैं। केवल बैठकों और प्रचार से जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता।जूली ने कहा कि प्रदेश में आज हर वर्ग परेशान है। छात्रवृत्ति और स्कूटी के इंतजार में प्रदेश की बेटियां बैठी हैं। कॉलेज के प्रथम वर्ष में स्कूटी के लिए आवेदन करने वाली छात्राओं को तीसरे वर्ष तक भी स्कूटी नहीं मिल पा रही है। कई छात्राओं की पढ़ाई पूरी हो चुकी है, लेकिन उन्हें अब तक उनका हक नहीं मिला। गार्गी पुरस्कार और पद्माक्षी पुरस्कार जैसी योजनाओं के आवेदन और भुगतान में देरी से मेधावी छात्राओं का मनोबल प्रभावित हो रहा है। एक तरफ भाजपा सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे देती है, दूसरी तरफ बेटियों को उनके अधिकारों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

- **भाजपा प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया सकारात्मक संकेत तलाशने के बजाय आमजन से लें सरकार के कामकाज का फीडबैक, अखबार पढ़ेंगे तो खुद समझ आ जाएगी हकीकत**

पंचायत चुनाव की हार से भाजपा में हलचल, अब विधायकों से मांगा जाएगा हिसाब

जयपुर। राजस्थान में शहरी निकाय चुनावों के बाद पंचायत चुनाव के नतीजों ने भाजपा की सियासत का गणित बदल दिया है। शहरों में जीत के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी को मिले झटके ने सत्ता और संगठन दोनों को आत्ममंथन के लिए मजबूर कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद ग्रामीण मतदाताओं के बीच पार्टी का प्रदर्शन कमजोर क्यों रहा? क्या सरकार और संगठन के बीच तालमेल की कमी रही, क्या कार्यकर्ताओं की नाराजगी भारी पड़ी या फिर टिकट वितरण में स्थानीय स्तर पर हुए फैसलों ने पार्टी का नुकसान किया? इन सवालों के जवाब तलाशने के लिए अब जयपुर से दिल्ली तक समीक्षा की तैयारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से लेकर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और संगठन महामंत्री अजय कुमार तक बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। वहीं, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष की सक्रियता ने प्रदेश नेतृत्व के सामने जवाबदेही का सवाल खड़ा कर दिया है।

पंचायत चुनाव में भाजपा के कमजोर प्रदर्शन के बाद प्रदेश संगठन अब विधानसभा क्षेत्रवार हार के कारणों की पड़ताल में जुट गया है। पार्टी विधायकों और पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे नेताओं से अपने-अपने क्षेत्रों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा जा रहा है। इसमें जिला परिषद और पंचायत समिति के परिणामों के साथ प्रत्याशियों के चयन, स्थानीय नेताओं की भूमिका, बूथ प्रबंधन और कार्यकर्ताओं की नाराजगी का आकलन किया जाएगा।

डोटासरा ने भरतपुर जिला परिषद के 18 पार्टी मेंबरों की परेड करवाई

जयपुर, (कासं)। भले ही प्रदेश में जिला परिषद और पंचायत समितियों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अच्छी सफलता मिली हो लेकिन कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं को जिला प्रमुख और पंचायत समिति के प्रधान के चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग भय सता रहा है, जिसका ताजा उदाहरण यह है कि सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर में कांग्रेस के वार रूम में भरतपुर जिला परिषद के 18 वार्ड मेंबरों की मीडिया के सामने परेड करवाई डोटासराने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भरतपुर जिला परिषद में कांग्रेस पार्टी के सिंबल से चुनाव जीते 3 वार्ड मेंबर को उठा लिया गया है, इसी तरह से डीग में भी कांग्रेस पार्टी के चार वार्ड मेंबरों को अपने प्रभाव में लेकर कांग्रेस पार्टी से दूर कर दिया गया है उन्होंने कहा कि भरतपुर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह जिला है, इसलिए मुख्यमंत्री की नाक बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी हर हाल में भरतपुर में अपना बहुमत नहीं होने के बावजूद भी अपनी पार्टी का जिला प्रमुख बनाने के लिए गलत तरीके अपना रही है, फिर देश में लोकतंत्र और संविधान कहां से जिंदा रहेगा ? उन्होंने कहा कि डीग में भी मुस्लिम समुदाय के कांग्रेस पार्टी के चुने हुए चार वार्ड मेंबरों को गलत तरीके से प्रभाव में लेकर कांग्रेस पार्टी से उन्हें दूर किया गया

डोटासरा ने ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गलत तरीकों से पार्टी के वार्ड पार्षदों को बचाने के लिए भरतपुर से चोमू में लाकर एक जगह पर उन्हें ठहराया गया, लेकिन चोमू में भी स्थानीय पुलिस के बड़े अधिकारी लगातार हमारी पार्टी के वार्ड मेंबरों से संपर्क करके यह कह रहे हैं कि घर आई लक्ष्मी को क्यों ठुकरा रहे हो? इस तरह से पुलिस के अधिकारियों को भी कांग्रेस पार्टी के वार्ड मेंबरों को तोड़ने के लिए जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने दी हुई है, ताकि भरतपुर में भाजपा का जिला प्रमुख बन सके उन्होंने कहा कि भरतपुर में कांग्रेस पार्टी के जिन तीन पार्षदों को अपने प्रभाव में लिया गया है उनके बारे में कोई यह कह रहा है कि 60 लाख रुपए में सौदा हुआ है, कोई यह कह रहा है कि बहुत बड़ी डील हुई है, अब हकीकत क्या है यह भगवान ही जाने ? लेकिन नगर निकाय चुनाव की तरह भाजपा जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव में गलत तरीके अपना रही है, तो फिर देश में संविधान और लोकतंत्र कहां से जिंदा रहेगा ? प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 60 विला खरीदने के मामले में एपीओ चल रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी शिखर अग्रवाल के मामले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने अग्रवाल के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया है, मामले की जांच भी शुरू हो गई है।लेकिन अब तक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक भी शब्द इस विषय में नहीं बोला है, जबकि उन्होंने ही कंपनी को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधा और सहायता की फाइल पर सिग्नेचर किए थे, लेकिन इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री इस मामले में कुछ भी नहीं बोल रहे।

- **प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सोमवार को जयपुर में कांग्रेस के वार रूम में भरतपुर जिला परिषद के 18 वार्ड मेंबरों की मीडिया के सामने परेड करवाई, डोटासरा ने कहा कि भरतपुर जिला परिषद के कांग्रेस के तीन और डीग में 4 वार्ड मेंबर को उठा ले गए**

बाबा साहब के सम्मान पर कांग्रेस को घेरेगी भाजपा, 26 से प्रदेशभर में होंगे आयोजन

जयपुर(कासं)। संविधान गौरव दिवस के बहाने भाजपा प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाकर कांग्रेस को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान के मुद्दे पर घेरने की तैयारी में है। पार्टी 26 से 29 नवंबर तक प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसका मुख्य आयोजन 26 नवंबर को जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में होगा। दोपहर 2:30 बजे आयोजित संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रो. कैलाश मेघवाल ने बताया कि अभियान के तहत जिला स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में विशेष प्रदर्शनियां लगाकर विद्यार्थियों को बाबा साहब के जीवन, संविधान निर्माण में उनके योगदान और संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी जाएगी।

प्रो. मेघवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने बाबा साहब को उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राजनीतिक रूप से भी बाबा साहब को कमजोर करने के प्रयास किए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित कर बाबा साहब के योगदान को सम्मान दिया। साथ ही पंचतीर्थ का विकास कर उनके विचारों को नई पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि संविधान गौरव दिवस के कार्यक्रमों के जरिए सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन : 18वें कॉमन रिव्यू मिशन का राजस्थान दौरा



जयपुर, (निसं)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 18वें कॉमन रिव्यू मिशन दल 22 से 28 नवम्बर 2026 तक प्रदेश में संचालित की जा रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर रिपार्ट केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को प्रस्तुत करेगा। इस मिशन के तहत विभिन्न राज्यों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का 14 सदस्यीय दल ने सोमवार को स्वास्थ्य भवन में अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक कर विस्तार से चर्चा की। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त आयुक्त मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण व पीसीपीएनडीटी डॉ. पवन कुमार की लीडरशीप में केन्द्रीय दल जयपुर मुख्यालय क्षेत्र सहित झालावाड़ और हनुमानगढ़ जिलों में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों व सेवाओं की क्रियान्विती का अवलोकन करेंगे और निरीक्षण के उपरांत राज्य मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।